बामसौली में 17, रुनधान में जेसीबी से तोड़े 3 अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

मुरैना/रामपुरकलां, 29 मार्च। 65 करोड़ की लागत से बन रही 25.5 किमी लंबी सेमई-रामपुरकलां-विजयपुर रोड के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण पर प्रशासनिक अधिकारियों ने जेसीबी चलाई। बामसौली में बस स्टैंड पर 17 से अधिक पक्के अतिक्रमण जेसीबी से ध्वस्त किए गए। वहीं रूनघान में भी बस स्टैंड पर दो अतिक्रमण हटाए और सड़क पर बने एक पक्के घर का कमरा जेसीबी की मदद से ढहाया गया।

रामपुरकलां में 250 से अधिक भवन स्वामियों को नोटिस

यहां बता दें कि सेमई-रामपुरकलां-विजयपुर रोड का निर्माण 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस सड़क के निर्माण में रामपुरकलां, रूनघान और बामसौली में सड़क पर अतिक्रमण की बाधा आ रही थी। तकरीबन एक महीने पहले ही प्रशासनिक अमले ने इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए थे। रविवार को प्रशासनिक अमला तीन से चार जेसीबी लेकर पहले बामसौली बस स्टैंड पहुंचा, यहां लोगों ने ईंट-पत्थरों से कमरे बनाकर उनके ऊपर टीनशेड तक डाल ली थी। एक-एक कर यहां 17 अतिक्रमण जेसीबी की मदद से जमींदोज किए गए।

इसके बाद टीम ने रूनघान बस स्टैंड पर पहुंचकर वहां दो पक्के अतिक्रमण तोड़े। वहीं एक गृहस्वामी ने सड़क घेरकर पक्का कमरा बना लिया था, जिसे जेसीबी की मदद से जमींदोज किया गया।

रामपुरकलां में भी अतिक्रमण के दायरे में 250 मकान : रामपुरकलां कस्बे के बीच निकलने वाली इस रोड के दोनों साइड 250 से अधिक जगह अतिक्रमण है। चूंकि यहां 31 मार्च को कंस वध मेले का आयोजन होना है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं। ऐसे में प्रशासन ने 4 अप्रेल तक की मोहलत लोगों को दी है कि वह खुद ही अपने अतिक्रमण तोड़ लेंए अन्यथा उनके निर्माण पर भी जेसीबी चलेगी।

सड़क के दोनों साइड 25-25 फीट लोगों ने किया अतिक्रमण

सेमई-रामपुरकलां-विजयपुर रोड के किनारे लोगों ने दोनों साइड 25-25 फीट तक अतिक्रमण कर रखा है। इन अतिक्रमणकारियों ने पक्के मकान तक बना रखे हैं, जिन पर जेसीबी चली तो रावत व कुशवाह समाज के लोगों ने हल्का-फुल्का व्यवधान पैदा किया लेकिन प्रशासन ने उनकी एक न सुनी।

होटल-नाश्ते की दुकानों से 10 कॉमर्शियल-4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 मार्च। पूरे देश के साथ.साथ जिलेभर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह से बंद है। इसके बावजूद मुरैना शहर में चाय-नाश्ता बेचने वाले होटल-हाथठेला संचालक गो-गैस नामक प्राइवेट कंपनी के कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। रविवार को एसडीएम भूपेंद्र सिंह कुशवाह ने बाजार में छापामार कार्रवाई कर 10 कॉमर्शियल और 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

डिलेवरी बंद, गो-गैस कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर दे रहा सिलेंडर : गो-गैस कंपनी एक प्राइवेट कंपनी है, जो 13.5 किग्रा के कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराती है। चूंकि सरकार के निर्देश पर अभी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर एजेंसियों को दिए ही नहीं जा रहे, ऐसे में मुरैना में गो-गैस के कॉमर्शियल सिलेंडर मिलना चिंता की बात है।

हॉस्पिटल, शैक्षणिक संस्थाओं को जारी है सप्लाई : रोशन गैस एजेंसी के संचालक मनीष गर्ग बताते हैं कि अभी एजेंसी संचालकों से ऐसे उपभोक्ताओं की सूची/संख्या मंगवाई गई है, जिन्हें कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। इनमें हॉस्पिटल, आईआरसीटीसी और ऐसे शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं, जहां सामूहिक भोजन बनता है।

घरेलू गैस सिलेंडर से कॉमर्शियल की रीफिलिंग की आशंका

प्रशासनिक अधिकारियों को आशंका है कि बाजार में गो-गैस के नाम से जिन कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है, वह घरेलू गैस सिलेंडर से रिफिल किए जा रहे हैं। जबकि शहर की जनता एक-एक घरेलू गैस सिलेंडर के लिए परेशान है। दुकानदारों के बयानों के आधार पर तय होगा कि यह सिलेंडर उन्हें कहां से और कितने रुपए में उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इनका कहना है...

बाजार में चाट-नाश्ता बेचने वाले प्रतिष्ठानों की चेकिंग कर 10 कॉमर्शियल और चार घरेलू गैस सिलेंडर पकड़े हैं। इनमें गो-गैस नामक कंपनी के सिलेंडर भी शामिल हैं। सरकार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद है, दुकानदारों से पूछताछ करेंगे कि यह सिलेंडर वे कहां से लेकर आ रहे हैं।

- भूपेंद्र सिंह कुशवाह
एसडीएम मुरैना

एक नजर में

ईंटभट्टा पर पानी के गड्ढे में डूबने से 3 साल के बच्चे की मौत

मुरैना, 29 मार्च। मुरैनागांव के नजदीक स्थित ईंटभट्टा पर रविवार की दोपहर 3 साल के एक बच्चे की गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मूलत: छत्तीसगढ़ निवासी सत्यभान सूर्यवंशी विगत करीब 15 साल से मुरैनागांव के नजदीक स्थित ईंटभट्टा पर मजदूरी का काम करता है। भट्टे पर ही बने अस्थाई आवासों में सत्यभान अपने परिवार के साथ काम करता है। रविवार की दोपहर सत्यभान और उसकी पत्नी ईंट बनाने का काम कर रहे थे, उनका 3 साल का बेटा चिराग सूर्यवंशी खेलते-खेलते ईंटभट्टा परिसर में बने पानी के गड्ढे में गिर गया। जब सत्यभान और उसकी पत्नी को इस बात का पता चला तो उन्होंने चिराग को गड्ढे से बाहर निकाला और जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जलालगढ़ से 13 वर्षीय किशोरी लापता

मुरैना/रामपुरकलां। जलालगढ़ गांव से 25 मार्च की रात एक 13 साल की किशोरी लापता हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार किशोरी जलालगढ़ में अपने मामा के यहां आई हुई थी। जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थेए उस वक्त किशोरी अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। जब किशोरी परिजन को नहीं दिखी तो उन्होंने आसपास-रिश्तेदारी में उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगने पर शनिवार को रामपुरकलां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

सूखे नाले में पड़े कचरे के ढेर में आग लगने से मचा हड़कंप

मुरैना/रामपुरकलां, 29 मार्च। रामपुरकलां में रविवार की सुबह दुकानों के आगे बने नाले में पड़े कचरे में आग लगने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने टैंकर मंगवाने के बाद पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार दुकानों के आगे बने में गंदे पानी की निकासी लगभग बंद है। नाले किनारे स्थित दुकान संचालकों द्वारा कचरे को इसी नाले में फेंक दिया जाता है, जिससे नाले में कचरे के ढेर लगे हुए है। रविवार की सुबह करीब 7 बजे नाले में पड़े कचरे में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की ऊंची लपटें उठने लगी तो वहां से गुजर रहे लोगों ने दुकानदारों को सूचना दी। ग्रामीणों ने मोटरपंप चालू कर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन बत्ती गुल होने से वे नाकाम रहे। जिसके बाद सरपंच भगवानलाल शाक्य ने पानी का टैंकर मंगवाया, तब पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। वरना नाले के किनारे बनी आधा दर्जन से अधिक दुकानें आग की चपेट में आ सकती थी।

पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : माहेश्वरी

दो दिनी स्व . मोहनप्यारी देवी नि :शुल्क हेल्थ कैंप का हुआ समापन, अंतिम दिन 2053 मरीजों का पंजीयन, जांच के बाद चिकित्सकों ने दिया परामर्श

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 29 मार्च। स्व. मोहनप्यारी देवी माहेश्वरी की स्मृति में माहेश्वरी परिवार एवं अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से जौरा सिविल हॉस्पीटल में 28 मार्च से शुरू हुए दो दिवसीय शिविर का 29 मार्च को समापन हो गया। दूसरे दिन शिविर में 2053 मरीजों ने पंजीयन कराया। शिविर में मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांचें नि:शुल्क हुईं, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद मरीजों को उपचार की उचित सलाह दी।

शिविर के समापन मौके पर उपस्थित सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि दुनिया में मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जरूरी है। शिविर में मौजूद अरविंदो हॉस्पीटल इंदौर के डायरेक्टर डॉ. विनोद भंडारी ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से समाज में पिछली पंक्ति के जरूरतमंद लोगों को बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त होती है।

दो दिवसीय शिविर में 4 हजार से अधिक संख्या में पहुंचें मरीज : शिविर संयोजक डॉ. रवि माहेश्वरी ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में 4 हजार से अधिक मरीजों ने अपना पंजीयन कराया था। इनमें से दो सैकड़ा से अधिक मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है।

शिविर में इन चिकित्सकों ने दी अपनी सेवाएं : डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल, डॉ. देवेन्द्र नायक, डॉ. हिरल कोठारिया, डॉ. ऋषभ राठी, डॉ. शांतनु सोनटके, डॉ. हर्षिता आदि चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण कर उपचार की सलाह दी।

शिविर के समापन अवसर पर इनकी रही उपस्थिति

हाईकोर्ट रजिस्ट्रार नवीन शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना संगीता मदान, न्यायाधीश महेश त्रिपाठी, जिपं सीईओ कमलेश भार्गव, एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, जगदीश अग्रवाल, विष्णु माहेश्वरी, दीपक सिंगला, आशीष गर्ग, दिनेश सिकरवार एडवोकेट, मनु माहेश्वरी, जतिन माहेश्वरी, अतुल माहेश्वरी, नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, डॉ. दीक्षा माहेश्वरी, सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय, बीएमओ जौरा डॉ. आरएस सैमिल, डॉ. अशोक सिंहल, डॉ. कुशवेन्द्र सिंह सिकरवार, अमित सिंगला आदि शिविर के समापन मौके पर उपस्थित थे।

मेवदा के ऋषिकेश को हराकर रवि हरियाणवी ने जीती आखिरी कुश्ती

नवभारत न्यूज

मुरैना/सुमावली, 29 मार्च।

शीतला माता, काली माता और कंकाली माता मंदिरों पर हुआ मेलों का आयोजन

अंचल के देवी मंदिरों पर विशाल मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। श्रद्धालुओं ने मन्नत पूरी होने पर नेजे भी चढ़ाए।

सुमावली क्षेत्र में ऐतिहासिक काली माता मंदिर, शीतला माता मंदिर पर मेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मन्नत पूरी होने पर नेजे भी चढ़ाए। जिसमें मोहल्लाओं से डीजे पर माता के भजन-लांगुरिया की धुन पर डांस करते नवयुवक भारी संख्या जयकारे देते हुए माता के दरबार में पहुंचे। टिकटोली गांव में भी गढ़ी के ऊपर कंकाली माता मंदिर पर भी नेजे चढ़ाएं गए। सभी ग्रामीण कंकाली माता को कुलदेवी मानकर श्रद्धाभाव से पूजते हैं। इसी तरह निटहरा गांव में काली माता मंदिर पर नवमी और दशमी को मेला लगता है।

चार गांवों की कुलदेवी हैं कंकाली माता : पूर्व में टिकटोली गांव गढ़ी के पास पहाड़ी पर बसा था। बाद में जहां जमीन थी, उस हिसाब से टिकटोली, उदवंतपुरा, कोक सिंह का पुरा, डंगरियापुरा चार भागों में बंट गए। तभी से सभी ग्रामीण कंकाली माता को कुलदेवी मानकर श्रद्धा भाव से पूजते हैं।

दो दर्जन कुश्ती मुकाबले हुए, हरियाणा के पहलवान ने जीता फाइनल

निटहरा में काली माता मंदिर पर दंगल का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पहलवानों के अलावा ग्वालियर, आगरा, हरियाणा, दिल्ली तक के पहलवान आए। दंगल में 500 रुपए से लेकर 3100 रुपए तक के दर्जनों मुकाबले हुए। वहीं आखिरी कुश्ती 3100 रुपए की इनामी राशि के लिए हुई, जिसमें मेवदा के ऋषिकेश पहलवान के सामने कोई कुश्ती लड़ने नहीं आया। इसके बाद आयोजकों ने इनामी राशि को बढ़ाकर 5100 रुपए कर दिया तो हरियाणा के रवि पहलवान ने ताल ठोक दी। रोचक मुकाबले में हरियाणा के रवि पहलवान ने मेवदा के ऋषिकेश को पटकनी देकर मुकाबला जीता।

मंहगाई व समस्याओं को लेकर कांग्रेस आज करेगी प्रदर्शन

मुरैना, 29 मार्च। आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में अपनी जमीनें देने वाले किसानों को मुआवजे के रूप में बाजार भाव से 4 गुना राशि दिए जाने और बढ़ती मंहगाई सहित जनसमस्याओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में आज 30 मार्च को कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव के नेतृत्व में कार्यकर्ता और बढ़ी संख्या में किसान सोमवार की दोपहर बैरियर क्षेत्र स्थित रेस्ट हाऊस परिसर में एकत्रित होंगे। यहां से पैदल मार्च करते हुए न्यू कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

आम सूचना

श्रीमती अरूणा पत्नी श्री रवि कुमार शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित खारे कुआ के पास, ग्राम जौरा, प.ह.नं. 55, तहसील जौरा एवं जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पंचायत जौरा वार्ड क्र.11 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 801/1/1/1/1 एवं 801 ग्राम जौरा का भाग है जिसका क्षेत्रफल 960 वर्गफुट है और जिसकी चतुर्शीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड संजय कुमार गुप्ता, पश्चिम में-भूखण्ड ललिता दुबे, उत्तर में-रास्ता 18 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री संजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री संजय कुमार गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती वंदना पत्नी श्री दिलीप सिंह चौहान एवं श्रीमती रंजना सिकरवार पुत्री श्री बलवीर सिंह सिकरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25822018ए 1064943 दिनांक 29.01.2018 से विक्रय की गई थी। श्रीमती वंदना एवं श्रीमती रंजना सिकरवार द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती अरूणा पत्नी श्री रवि कुमार शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25822023ए12316434 दिनांक 31.08.2023 से विक्रय की गई थी। उक्त सम्पत्ति के स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 29.01.2018 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्रीमती अरूणा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 29.01.2018 की मूलप्रति प्राप्त हो तो यह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त त्सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मथ दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.) मो.नं.98276-72710

जिनेन्द्र प्रभु का अभिषेक-शांतिधारा हुई, आज मनेगी महावीर जयंती

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 मार्च। हम गुरुओ, साधु-संतों की वाणी को सुनते तो हैं, लेकिन उसका अनुशरण नहीं करते। हम गुरुओं को मानते तो है, लेकिन गुरुओं की नहीं मानते। जबकि गुरुओं की वाणी के बिना हमारा उद्धार नहीं हो सकता। जैन दर्शन में गुरु आचार्यों को मोक्ष मार्ग का मार्गदर्शक मानकर सर्वोच्च

शहर में निकलेगी भगवान महावीर स्वामी की रथ यात्रा

स्थान दिया गया है। गुरु की आज्ञा की अवहेलना करना सम्यक ज्ञान और चारित्र की हानि है, जो आत्मा के विकास को रोकती है। गुरु की आज्ञा न मानना या उनका अपमान करना गंभीर पाप कर्म है, जो जीव को नरक या नीच गति में ले जा सकता है। गुरु-शिष्य परंपरा में विश्वास की कमी से ज्ञान मार्ग में अंधकार छा जाता है और सही-गलत की पहचान खो जाती है।

यह बात जैनाचार्य आचार्य निर्भय सागर ने बड़े जैन मंदिर में

आचार्य पदारोहण दिवस पर आयोजित समारोह पर हुई धर्मसभा में कही। सकल दिगंबर जैन समाज मुरैना द्वारा दिगम्बराचार्य वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भयसागर महाराज का 20वां आचार्य पदारोहण दिवस विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में मांगलिक क्रियाओं के साथ जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के पश्चात सभी गुरु भक्तों ने विश्व में सुख-समृद्धि व शांति की कामना के साथ भक्तिमय अनुष्ठान किए। महावीर स्वामी विधान अनुष्ठान के दौरान अर्घ्य समर्पित किए गए।

बालिका मंडल ने अष्टद्रव्यों के साथ अर्घ्य समर्पित किए : इस अवसर पर बालिका मंडल एवं महिला मंडल द्वारा सजाकर लाए गए अष्ट द्रव्यों से भक्ति भाव के साथ आचार्य श्री की पूजन संपन्न कराकर समस्त मुनिराजों को अर्घ्य समर्पित किए। आचार्य पदारोहण समारोह में गुरुभक्तों ने संगीत की मधुर धुन एवं जैन भक्तिमय भजनों पर नृत्य कर अपनी गुरु भक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर गुरु भक्तों द्वारा अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। धर्मसभा का संचालन करते हुए पूर्व प्राचार्य महेन्द्रकुमार शास्त्री, संजय शास्त्री, अजय भैयाजी, नवनीत शास्त्री ने मंत्रोचारण के साथ अनुष्ठान की सभी क्रियाओं को संपन्न कराया।

शहर में आज निकलेगी भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा : भगवान महावीर जन्म कल्याणक के पावन पर्व पर आज प्रात: पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकलेगी। संत आचार्य निर्भय सागर, भूदत्तसागर, मुनिश्री सुदत्त सागर, क्षुल्लकश्री चंद्रदत्त सागर, क्षुल्लक यशोदत्त सागर आदि भगवान महावीर स्वामी रथ यात्रा में साथ चलेंगे। भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा बड़े जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करती हुई बड़ा जैन मंदिर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित होगी। बड़े जैन मंदिर जी में भगवान महावीर स्वामी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर कलेशाभिषेक किए जायेंगे।

पोरसा में आज मनाया जाएगा भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव

पोरसा में भी सोमवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा महावीर जिनालय से शुरू होगी, जिसमें आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। रथ, बैंड-बाजे, ध्वज-पताकाएं और श्रद्धालुओं की विशाल भागीदारी देखने को मिलेगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। यात्रा पुन: मंदिर परिसर में पहुंचेगी, यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रवचनए भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र पटेल का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 मार्च। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र पटेल सहित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश विकल, प्रदेश प्रभारी राकेश चपराना 29 मार्च को अल्प प्रवास के तहत मुरैना पहुंचें। मुरैना आगमन पर गुर्जर महासभा के जिला पदाधिकारियों सहित समाजबंधुओं ने पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन और सम्मान किया।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान की भांति मप्र में ओबीसी वर्ग में विशेष स्थान दिए जाने, देवनारायण बोर्ड का गठन करने, नगरीय निकायों में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर सरकार के समक्ष मांगें प्रस्तुत करने को लेकर चर्चा की गई।

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गुर्जर, रामकुमार बैसला, रामवीर सिंह, प्रमोद रियाना, रामनाथ सिंह, श्रीकृष्ण सिंह, कल्ली गुर्जर जौरा, राजू गुर्जर, बल्ली गुर्जर बांसुटा, धीरज, सतेन्द्र, रामकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।